## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रेलर की चपेट में आने से स्कूटी सवार की दर्दनाक मौत

**रायगढ़।** जिले के खरसिया थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने स्कूटी सवार एक व्यक्ति को जोरदार ठोकर मार दी है। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। घटना नेशनल हाईवे 49 बोतल्दा के सुबह लगभग 10 बजे के आस पास हुई है। घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन को घटना स्थल पर ही छोड़ कर मौके से फ़रार हो गया है। इस संबंध में खरसिया थाना से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह नेशनल हाईवे 49 बोतल्दा के पास ट्रेलर क्रं. सीजी 04 डीएफ1861 ने सामने से स्कूटी चालक शंकर लाल गबेल उम्र 53 वर्ष निवासी ठुसेकेला खरसिया को ठोकर मार दी। जिससे शंकर लाल गबेल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। वहीं घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन को वहीं छोड़कर मौके से फ़रार हो गया है। ट्रेलर को जब्त कर लिया गया है और मामले अपराध दर्ज जांच की जा रही है।

### प्रदेश में अगले 24 घंटे के दौरान एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ हो सकती है भारी बारिश

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में अगले 24 घंटे के दौरान एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। स्थानीय मौसम विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में आज मौसम शुष्क रहा। अधिकतम तापमानों में प्रदेश में बस्तर संभाग में वृद्धि, बिलासपुर व सरगुजा संभाग में उल्लेखनीय गिरावट तथा शेष संभागों में विशेष परिवर्तन नहीं हुए। प्रदेश के बिलासपुर व सरगुजा संभाग में सामान्य से चिन्हांकित कम तथा शेष संभागों में सामान्य से कम रहे। इसी प्रकार न्यूनतम तापमानों में दुर्ग संभाग में गिरावट दर्ज की गई तथा शेष संभागों में विशेष परिवर्तन नहीं हुए। दुर्ग व बिलासपुर संभाग में सामान्य से कम, दुर्ग में सामान्य से उल्लेखनीय कम तथा शेष संभागों में सामान्य रहे। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री दुर्ग में तथा सर्वाधिक अधिकतम तापमान 40 डिग्री राजनांदगांव में दर्ज किया गया है। राजधानी रायपुर में आज अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं बिलासपुर में 35.4, पेंड्रा रोड 33.2, अंबिकापुर 27,0, जगदलपुर 37.1 व दुर्ग में 37.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने अगले 24घंटे में प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश तथा एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी बारिश होने की चेतावनी दी है।

### शराब लेने पहुंचें युवक की चाकू मारकर हत्या

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में बुधवार से देशी शराब दुकानों खोलने के पहले दिन ही एक हत्या का मामला सामने आया है। मामला अभनपुर का है जहां शराब लेने के दौरान हुए विवाद में चार युवकों ने मिलकर एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी और फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार से सरकार ने प्रदेश में देसी शराब की बिक्री शुरू कर दी है। यह मामला भी शराब से ही जुड़ा हुआ है । दरअसल बुधवार को अभनपुर के नायकबांधा का रहने वाला किशोर बघेल शराब दुकान खुलते ही अपने दोस्तों जुनैद और विजय के साथ शराब लेने के लिए पहुंच गया जहां उसकी चार युवकों से किसी बात पर बहस हो गई। यह बहस इतनी बढ़ गई कि बात मारपीट तक पहुंच गई और चारों युवकों ने किशोर पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और फरार हो गए। इधर चाकू के हमलें से घायल किशोर ने मौके पर दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कोविड नियमों की अनदेखी से काशीचुआं पंडरीपानी पश्चिम के 63 लोग हुये कोविड पाजिटिव, तीन ने गंवाई जान

**» कोरोना बचाव के लिये सतर्कता, सजगता व सावधानी है जरूरी**

**रायगढ़।** कोरोना महामारी की वर्तमान लहर के बीच प्रशासन कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में शहरी क्षेत्र के साथ गांवों में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए हर संभव कदम उठा रहा है। लोगों तक जांच व इलाज सुविधा पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रहा है। इसके लिए राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम बनाकर गांव में बढ़ते संक्रमण के मामले आने से रोकने की दिशा में लगातार स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैय्या कराने के साथ गाइडलाइन्स के पालन और जन जागरूकता कार्यक्रम के जरिए प्रयासरत हैं। इससे संक्रमण की रफ्तार कम करने में काफी मदद मिली है। वहीं कुछ ऐसे गांव भी हैं, जहां की लापरवाही से गांव सामने आए दुष्परिणाम हम सभी के लिए एक बड़ा सबक है। यह सिखाता है कि हर किसी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। सभी को सजग और सतर्क रहना होगा।

शासन प्रशासन द्वारा लगातार कोरोना की संक्रमण रोकने के लिए ऐहतियाती सुरक्षा उपायों के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। निर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही की जा रही है। किंतु कई लोगों द्वारा इसकी अनदेखी व कोविड प्रोटोकाल के प्रति लापरवाही से गंभीर दुष्परिणाम सामने आए हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम कांशीचुआ, पंडरीपानी से सामने आया है। यहां कोविड के 63 मामले और 2 युवाओं सहित 3 लोगों की असामयिक दुखद मौत इसी बात का एक सबक है जो यह दिखाता है कि अब भी कोरोना गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया, कोरोना के लक्षण आने पर भी समय से कोविड टेस्ट कराकर इलाज नही लिया गया तो इसके कितने गंभीर परिणाम हो सकते हैं। यह सबक है कि जरूरी नहीं कि जब ऐसी घटना अपने गांव या पड़ोस में घटे तभी इसकी गंभीरता को समझा जाए। यह संकेत है कि यदि अब भी सजग सतर्क नही हुए, यदि अब भी नहीं सम्भले तो ऐसी घटना की अन्य जगह भी पुनरावृत्ति हो सकती है। किसी एक व्यक्ति की लापरवाही पूरे गांव में कई जिंदगियों पर भारी पड़ सकती है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार ग्राम कांशीचुआ, पंडरीपानी में कोरोना संक्रमण के मामले माह अप्रैल में बढ़ने लगे जिसके कारणों का जब पता किया गया तो मालूम पड़ा कि रायगढ़ जिले के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोडतरई के उप स्वास्थ्य केन्द्र काशीचुआं पंडरीपानी पश्चिम में माह मार्च के आखिरी सप्ताह में एक शादी एवं जन्मोत्सव का कार्यक्रम हुआ। जहां बाहर से उनके कई रिश्तेदार और गांव के लोग भी बड़ी संख्या में सम्मलित हुये। उस दौरान वहां कोविड गाईड लाईन जैसे मास्क लगाना, दूरी बनाना एवं सेनेटाईजर का उपयोग करने का पालन नहीं किया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम के पश्चात संबंधित घर के मुखिया को सर्दी एवं खांसी हुई उसके बाद हर एक दो दिन के अंदर उनके परिवार के लगभग 7-8 लोगों को सर्दी, खांसी की शिकायत हुई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जब वहां जाकर सभी का टेस्ट किया तो सभी लोग पाजिटिव आये। जिनमें लक्षण कम थे उन्हें होम आईसोलेशन की सलाह दी गई एवं बाकी लोगों को कोविड हास्पिटल में शिफ्ट किया गया। वहीं कुछ दिनों बाद गांव के अन्य लोग जो उक्त कार्यक्रम में शामिल हुये थे उनमें से कई लोगों में कोरोना के लक्षण दिखाई देने लगे। लोगों की जांच की गयी। कुछ लोगों ने जांच कराने में देर की, जिनमें से 3 लोग की हालत बहुत गंभीर हो गई और उनका निधन हो गया। जिसमें 28 और 32 वर्ष के दो युवा भी शामिल हैं। ये आयोजक परिवार के पड़ोसी थे। माह अप्रैल में गांव से 63 कोविड मरीज मिले थे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में सभी सर्दी, खासी, बुखार व लक्षणात्मक मरीजों की जांच की गई तथा उन्हें दवाईयों का वितरण किया गया। गांव को कंटेनमेंट जोन बनाया गया व सभी लोगों को सामाजिक दूरी, मास्क लगाना और हाथ धोते रहने की सलाह दी गई। अभी वर्तमान में बाकी सब ठीक हो चुके है।

इस गांव में इनकी छोटी-छोटी लापरवाही की वजह से अचानक बढ़ते हुए आंकड़े ये सबक देते है कि शादी ब्याह, व्यक्तिगत व सामूहिक, पारिवारिक आयोजनों के साथ कोरोना से बचाव के दिशा-निर्देशों की अनदेखी करना, मास्क नही लगाना, सामाजिक दूरी का पालन नही करना जैसी लापरवाही व चूक, बड़े व भयावह संक्रमण की वजह बन रही है। जिससे हमें सीख लेकर इस कठिन समय में अपने गैर जरूरी व्यवहार में सुधार लाते हुए कोरोना संक्रमण से बचाव के हर संभव उपाय को अपनाना होगा। तभी जिले में कोरोना संक्रमण में प्रभावी तरीके से काबू पाने में हम सफल होंगे।

## कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण सहित कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन जरूरी : मुख्यमंत्री

**» मुख्यमंत्री ने नवा रायपुर अटल नगर में अत्याधुनिक 100 बिस्तरीय वेदांता केयर्स फील्ड अस्पताल का किया शुभारंभ**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-36 में बालको मेडिकल सेन्टर के समीप अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा नवनिर्मित वेदांता केयर्स फील्ड अस्पताल का वर्चुअल लोकार्पण किया। इस 100 बिस्तर वाले वातानुकूलित अस्पताल में 90 बिस्तर आक्सीजन-युक्त और 10 बिस्तरों में वैंटिलेटर की सुविधा है। इस अवसर पर वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्र कुमार, मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा और मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू भी उपस्थित थे। इसके साथ ही वेदांता समूह के चेयरमेन अनिल अग्रवाल भी वीडियो कॉन्फ ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव के लिए टीकाकारण सहित कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन जरूरी है। यहां नवा रायपुर में अत्याधुनिक तथा सर्व सुविधा युक्त इस अस्पताल के शुरू होने से कोविड-19 के खिलाफ चल रही हमारी लड़ाई को और मजबूती मिलेगी। इससे विशेषज्ञ डॉक्टरों और प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मियों की सेवा का लाभ न सिर्फ राजधानी के नगरीय क्षेत्रों के लोगों को मिलेगा बल्कि आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों को भी बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश इस समय वैश्विक महामारी कोरोना के संकट से जूझ रहा है। ऐसे हालात में कोरोना के खिलाफ जंग में बालको उपक्रम द्वारा बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दर्ज कराकर अत्याधुनिक कोविड फील्ड अस्पताल का निर्माण किया गया है।

## डीजल चोरों के बाद ट्रक के डिस्क चोरी करने वाले आरोपी युवक व अपचारी बालक पकड़ाए

**» 50 हजजार रुपए की सम्पत्ति बरामद, आरोपी गया जेल, बाल अपचारी बाल सम्प्रेषण गृह दाखिल**



**रायगढ़।** टीआई जूटमिल अमित शुक्ला के नेतृत्व में कल दिनांक 25.05.2021 को जूटमिल पुलिस द्वारा केलो नदी किनारे नगर निगम रायगढ़ के पाइप सीवर के काम में लगी गाड़ियों से डीजल चोरी करने वाले दो युवकों को 100 लीटर चोरी की डीजल के साथ पकड़ा गया था। आज जूटमिल स्टाफ द्वारा गैरेज से ट्रक की डिस्क चोरी के आरोप में क्षेत्र में दो लड़कों को पकड़ा गया है, जिनसे 50,000 रूपये की सम्पत्ति बरामद हुई है।

जानकारी के मुताबिक छातामुडा बायपास चौंक के पास रहने वाले धनंजय सिंह द्वारा आज दिनांक 26/05/2021 को पुलिस चौकी जूटमिल में रिपोर्ट दर्ज कराया कि गया कि इसके घर के बगल गैरेज से अज्ञात आरोपी द्वारा दिनांक 24/05/2021 की रात्रि 5 नग ट्रक का डिस्क की चोरी कर ले गए हैं। चोरी के संबंध में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 689/2021 धारा 380 भादवि का अपराध अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।

टीआई जूटमिल द्वारा चौके के प्रधान आरक्षक विजय गोपाल एवं पेट्रोलिंग को माल मुज्लिम पतासाजी के लिये लगाया गया जिनके द्वारा मुखबिर सूचना पर संदेही गणेश साहू पिता घनश्याम साहू उम्र 21 वर्ष निवासी सोनूमुड़ा चौकी जुटमिल को हिरासत में लिया गया जिसने अपने साथी बालक के साथ गैरेज से ट्रक डिस्क को चोरी करना कबूल किया है। आरोपियों के मेमोरेंडम पर 5 नग ट्रक डिस्क कीमती 50,000 रूपये का बरामद कर अपचारी बालक को किशोर न्याय बोर्ड रायगढ़ तथा आरोपी गणेश साहू को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय पेश किया गया है, जिन्हें माननीय न्यायालय द्वारा जमानत लाभ न देकर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अज्ञात आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में निरीक्षक अमित शुक्ला, प्रधान आरक्षक विजय गोपाल, आरक्षक बनारसी सिदार, श्याम लाल सिदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## उधारी के पैसे वासप मांगने पर साथी ने घोंप दिया खोखरीनुमा चाकू

**» हत्या का प्रयास के आरोप में आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजी लैलूंगा पुलिस**

**लैलूंगा।** थाना लैलूंगा अंतर्गत ग्राम झगरपुर में उधारी 200 रुपए के विवाद को लेकर आरोपी द्वारा अपने अधेड़ उम्र के साथी के पसली पर धारधार खुखरीनुमा चाकू घोंप दिया और उसकी जान लेने लात घुसों से मारपीट करने लगा घटना की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और आहत को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना बाद लैलूंगा टीआई एलपी पटेल हमराह स्टाफ के साथ ग्राम झगरपुर जाकर आरोपी को भागने के पहले ही हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।



जानकारी के अनुसार ग्राम झगरपुर लैलूंगा में रहने वाला सुशील भगत पिता हुलक भगत उम्र 40 वर्ष और घासी भगत पिता शुकुल भगत उम्र 35 वर्ष दोनों ही ट्रक में मजदूरी का काम करते थे। दिनांक 25/05/2021 को दोनों ट्रक में ग्राम राजपुर राखड़ खाली करने गए थे जहां से आने के बाद सुबह करीब 10 बजे घासी भगत अपने उधारी 200 रुपए सुशील भगत से मांगने लगा थोड़ी देर बाद दोनों में झगड़ा विवाद बढ़ा, इतने में घासी भगत अपने घर से खुखरीनुमा चाकू ले आया और सुशील भगत के बाएं पसली में वार किया जिससे उसे गंभीर चोट आई है। इतना ही नहीं घासी भगत उसके बाद सुशील भगत को जान से मारने के इरादे से लात, घुसों से मारपीट करने लगा घटना की सूचना डायल डॉयल 112 को दिए जाने पर ईवीआर लैलूंगा राइनो झगरपुर पहुंची जहां से आहत को लैलूंगा सीएससी लाया गया। आहट सुशील भगत के रिपोर्ट पर थाना लैलूंगा अपराध क्रमांक 142/2021 धारा 307 भादवि के तहत आरोपी घासी भगत पर अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी लैलूंगा एलपी पटेल हमराह आरक्षक मयाराम राठिया, अमरदीप एक्का, चमार साय, विकास किण्डो एवं डायल 112 वाहन चालक कौशल पटेल के साथ ग्राम झगरपुर पहुंचे। जहां आरोपी गांव से कमाने खाने तमिलनाडु निकल जाने की सूचना मिली, तत्काल लैलूंगा स्टाफ द्वारा आरोपी की घेराबंदी किए जिसे केलो नदी के किनारे बैगाबहार की ओर जाने वाले रास्ते से पकड़कर थाना लाया गया। आरोपी को थाना लाकर पूछताछ करने पर आरोपी घासी भगत द्वारा अपराध कबूल किया है जिसे आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया।

## मुख्यमंत्री ने भिलाई, दुर्ग एवं भिलाई-चरौदा में 114.42 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न कार्यों का वर्चुअल भूमिपूजन और लोकार्पण किया

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में दुर्ग जिले के नगर निगम भिलाई, दुर्ग एवं भिलाई-चरौदा में 114.42 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न कार्यों का वर्चुअल भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने भिलाई-चरौदा निगम में ट्रांसपोर्ट नगर का भूमिपूजन किया, इसका निर्माण 56 करोड़ 21 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इसके बनने से ट्रांसपोर्टर्स को काफी राहत मिलेगी। इसके साथ ही उन्होंने भिलाई-चरौदा निगम में गौरवपथ के कार्य का भूमिपूजन किया। इसकी लागत 16.19 करोड़ है। श्री बघेल ने नगर निगम भिलाई में 18.64 करोड़ रुपए के कार्यों का भूमिपूजन तथा 2 करोड़ रुपए के कार्यों का लोकार्पण भी किया। उन्होंने नगर निगम दुर्ग के अंतर्गत 14 वें वित्त आयोग मद से 19.38 करोड़ रुपए लागत के कार्यों का भूमिपूजन किया।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू कार्यक्रम में शामिल हुए। वनमंत्री एवं दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्र कुमार तथा नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू मुख्यमंत्री निवास में उपस्थित थे।

## रायगढ़ पुलिस की ओर से शहर के अस्पतालों को उपलब्ध कराई गई पीपीई किट

**» एसपी संतोष सिंह ने हॉस्पिटल प्रमुखों को सौंपा 500 नग पीपीई किट**



**रायगढ़।** पुलिसकर्मियों के कंटेनमेंट जोन तथा कोविड हास्पिटल्स में ड्यूटी दौरान बचाव के लिए जिला पुलिस द्वारा पीपीई किट की खरीदी की गई थी, साथ ही जिले के विभिन्न संस्थाओं द्वारा पुलिस अधीक्षक रायगढ़ को पुलिसकर्मियों के लिए पीपीई किट उपलब्ध कराया गया था। अभी भी जिले के शासकीय एवं कई निजी अस्पतालों में कोविड के मरीज ईलाजरत हैं, जहां प्रतिदिन बहुतायत संख्या में पीपीई किट उपयोग में लाया जा रहा है जो एक बार इस्तेमाल के बाद दोबारा उपयोग में नहीं लाया जाता। ऐसे में जिला पुलिस द्वारा शहर के पांच अस्पतालों को 100-100 नग पीपीई किट प्रदाय किया गया है।

आज सुबह पुलिस कार्यालय में अस्थाई कोविड केयर हास्पिटल किट, राजप्रिया हास्पिटल, अपेक्स हॉस्पिटल, बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल, जेएमजे मिशन हॉस्पिटल के चिकित्सकगण को सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया गया था। इनमें राजप्रिया हास्पिटल से डॉ. राज किशोर शर्मा, कोविड केयर से इंचार्ज डॉ. प्रशांत, अपेक्स से डॉ. मनोज गोयल, मेट्रो से डॉ. त्रिपाठी तथा मिशन हॉस्पिटल से डॉ. मल्लिक आये हुए थे जिन्हें एसपी संतोष सिंह द्वारा 100-100 नग पीपीई किट सौंपकर इस कठिन समय में दी जा रही उनकी सेवाओं के प्रति आभार प्रकट किये। इस दौरान एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा, आर.आई. अमरजीत खुंटे, थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक अभिनव कांत सिंह, चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक अमित शुक्ला भी मौजूद थे।

## एमसीएच अस्पताल में मेडिकल स्टाफ से अभद्रता करने वाली महिला आरोपिया गिरफ्तार

**» दो अन्य आरोपी गिरफ्तारी के भय से हैं फरार**

**रायगढ़।** दिनांक 24.04.2021 को 100 विस्तरीय डेडीकेट कोविड अस्पताल एमसीएच रायगढ़ कोविड-19 धनात्मक मरीज श्रीमती चंद्र लता नायडू निवासी केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के परिजनों द्वारा अस्पताल के डॉक्टर्स और मेडिकल स्टाफ के साथ गाली गलौज, धक्का मुक्की कर मारपीट पर उतारू होकर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न किया गया था। घटना को लेकर थाना चक्रधरनगर में



दिनांक 25/04/2021 को सहायक अस्पताल अधीक्षक डॉ0 हरिश उरांव द्वारा आवेदन दिया गया था। आवेदन पर मरीज चंद्र लता नायडू के परीजन प्रवीण भयानी, वैंकेटेश राव तथा नीलम भयावी पर अप.क्र. 266/2021 धारा 186,353, 269,270, 294, 427, 34 आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मौके पर मौजूद अन्य व्यक्तियों का नाम पता नहीं चला, नीलम भयानी स्वयं को नर्सिंग की छात्रा बता रही थी, जिसे गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 13/04/21 को केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड निवासी चंद्र लता नायडू की जांच पर कोविड-19 धनात्मक पाए जाने से 100 विस्तरीय अस्पताल में भर्ती कर उपचार चल रहा था। दिनांक 24/04/21 को प्रातः 7:45 बजे उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई, उसकी मृत्यु कोविड-19 से हुई थी जो मृतिका की मृत्यु के संबंध में एवं शव को नियमानुसार सुपुर्द के लिये परिजनों को सूचना दिया गया था। सुबह करीब 9:30 बजे मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे जिसमें एक महिला नर्सिंग की छात्रा होना बता रही थी। चंद्रकला नायडू की मृत्यु को लेकर उसके परिजन आक्रोशित होकर डॉक्टर्स एवं मेडिकल स्टाफ को गाली गलौज देते हुये जबरन मृतिका के शव बाडी बैग को खोल कर देखने लगे, जानते हुए कि कोरोना संक्रमित बिमारी से उसकी मौत हुई है और उनके ऐसा करने से संक्रमण का फैलाना संभाव्य है। विवेचना दरम्यान आरोपिया नीलम भयानी पिता मुकेश भयानी उम्र 23 वर्ष निवासी केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड के पीछे शिवानगर थाना कोतवाली को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। शेष दो आरोपी गिरफ्तारी के भय से फरार हैं, जिनकी पतासाजी के लिए चक्रधरनगर पुलिस द्वारा मुखबीर लगाये गए हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480